# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–15 अगस्त 2025** **सान्ध्य समाचार**

राष्ट्र आज उन्यासिवां स्वतंत्रता दिवस देशभक्ति की भावना के साथ धूमधाम से मना रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज सुबह ऐतिहासिक लाल किले की प्राचीर से राष्ट्रध्वज फहराया और देश को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता का यह पर्व एक सौ चालीस करोड़ लोगों के संकल्प और सामूहिक सिद्धि का पर्व है–

***एक सौ चालीस करोड़ देशवासी आज तिरंगे के रंग में रंगे हैं। हर घर तिरंगा है भारत के हर कोने से चाहे रेगिस्तान हो या हिमालय की चोटियां, समुन्द्र के तट हो या घनी आबादी वाले क्षेत्र हर तरफ से एक ही गूंज है एक ही जयकारा है हमारी प्राण से भी प्यारी मातृभूमि का जयगान है।***

प्रधानमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर के जांबाज सैनिकों को नमन किया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर देश के सशस्त्र बलों के साहस और शौर्य का सशक्त साक्ष्य है।

***22 तारीख के बाद हमने हमारी सेना को खुली छूट दे दी। रणनीति वो तय करें, लक्ष्य वो तय करें, समय भी वो चुने और हमारी सेना ने वो करके दिखाया, जो कई दशकों तक कभी हुआ नहीं। सैकड़ो किलोमीटर दुश्मन की धरती पर घुस करके आतंकी हेडक्वार्टस को मिट्टी में मिला दिया।***

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने अब फैसला कर लिया है कि लहू और पानी एक साथ नहीं बहेंगे। उन्होंने कहा कि भारत दुश्मनों को करारा जवाब देने के लिए सशक्त हथियार प्रणाली– सुदर्शन चक्र मिशन शुरू करेगा। प्रधानमंत्री ने आत्मनिर्भर भारत को विकसित भारत का आधार स्तंभ बताया। उन्होंने रक्षा, प्रौद्योगिकी, ऊर्जा, अंतरिक्ष और विनिर्माण क्षेत्रों में देश की प्रगति का उल्लेख किया।

श्री मोदी ने एक लाख करोड़ रूपये से प्रमुख रोजगार योजना शुरू करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार नाम की यह योजना 15 अगस्त को ही लागू हो रही है। इस योजना के तहत निजी क्षेत्र में पहली नौकरी पाने वाले नौजवानों को पन्द्रह हजार रूपये सरकार की तरफ से दिए जाएंगे। प्रधानमंत्री ने कहा है कि आगामी दीपावली तक नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी सुधार शुरू किए जाएंगे।

***पिछले 8 साल से हमने जीएसटी का बहुत बड़ा रिफॉर्म किया, पूरे देश में टैक्स के बर्डन को कम किया, समय की मांग है, कि हम एक बार इसको रिव्यू करें, हमने हाई पावर कमेटी को बिठाकर के रिव्यू शुरू किया, राज्यों से भी विचार विमर्श किया। हम नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी रिफॉर्म्स लेकर के आ रहे हैं, ये दिवाली के अंदर आपके लिए तोहफा बन जाएंगे।***

उधर, प्रदेश में स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह विधान भवन के सामने आयोजित किया गया, जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सुनियोजित प्रयास का परिणाम है कि आज भारत दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। भारत के स्वदेशी मॉडल पर अब दुनिया को भरोसा हो चला है।

***सुनियोजित प्रयास और टीमवर्क का परिणाम है कि आज भारत दुनिया के चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बना है। आज भारत के पास सामर्थ्य है। इस ताकत को अभी ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से दुश्मनों ने महसूस किया है। जब लखनऊ में बनी हुई ब्रह्मोस मिसाइल दुश्मन के घर में घुसकर के उसके अड्डो को तहस–नहस करती है तो उसे भारत के स्वदेशी मॉडल पर उसको भी अब विश्वास हो चला है।***

प्रदेश के अन्य सभी जिलों में प्रमुख सरकारी कार्यालयों और प्रतिष्ठानों पर आज ध्वजारोहण किया गया। आकाशवाणी के गोरखपुर केन्द्र में महापौर डॉक्टर मंगलेश श्रीवास्तव ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर निदेशक राहुल सिंह के अलावा बिहार सूचना आयोग के सचिव संदीप अग्निहोत्री मौजूद रहे। निदेशक ने बताया कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के सरकार के दृष्टिकोण के अनुरूप इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस समारोह का विषय **नया भारत** है।

**********

जन्माष्टमी का पर्व कल प्रदेश भर में श्रद्धा–भक्ति और हर्षोल्लास के वातावरण में मनाया जायेगा। मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव को भव्य और दिव्य बनाने के लिये जोर–शोर से तैयारी चल रही है। वहां के श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के सदस्य गोपेश्वर चतुर्वेदी ने बताया कि इस बार ऑपरेशन सिंदूर को ध्यान में रखते हुए जन्मोत्सव कार्यक्रम को राष्ट्रभक्ति से जोड़ा जा रहा है। जन्मस्थान पर ऑपरेशन सिंदूर का आकर्षक कटआउट लगाया जा रहा है। जन्माष्टमी पर्व पर होने वाली पूजा के सजीव प्रसारण की व्यवस्था भी की जा रही है, जिससे अधिक से अधिक श्रद्धालु उसे देख सकें। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर के गुरू गोरखनाथ मंदिर में जन्माष्टमी मनायेंगे। आधी रात को जन्माष्टमी पूजन के बाद श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप को पालने में झुलायेंगे।

**********